# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जून-जुलाई, 2014 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

### मंगलवार, दिनांक 8 जुलाई, 2014 (आषाढ़ 17, 1936)

### समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 (क्रमांक 18 सन् 2005) की धारा 11 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत यथा-अपेक्षित विवरण वर्ष 2014-2015 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री कैलाश विजयवर्गीय, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 40 (7) तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 36 (7) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का लेखा परीक्षण प्रतिवेदन 2010-2011 पटल पर रखेंगे.

(3) श्री उमाशंकर गुप्ता, उच्च शिक्षा मंत्री, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1995 (क्रमांक 37 सन् 1995) की धारा 28 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2012-2013 पटल पर रखेंगे.

(4) श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड का 45वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा 2010-11 वर्ष समाप्ति 31 मार्च, 2011 के लिए पटल पर रखेंगी.

(5) श्री राजेन्द्र शुक्ल, खनिज साधन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार दि मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का 49 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011-2012 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले में अवैध रेत उत्खननकर्ताओं द्वारा अधिकारियों के साथ मारपीट किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री गिरीश गौतम, सदस्य, रीवा जिले में मोटर पंपों की क्षमता से अधिक विद्युत बिल दिये जाने की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. तेरहवीं विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के द्वितीय प्रतिवेदन का पटल पर रखा जाना एवं उसे माननीय अध्यक्ष को प्रस्तुत किये जाने तथा उसके मुद्रण, प्रकाशन एवं परिचालन की सूचना

प्रमुख सचिव, विधान सभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश क्रमांक 53 (6) के अधीन तेरहवीं विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के द्वितीय प्रतिवेदन को पटल पर रखेंगे एवं उसे अध्यक्ष को प्रस्तुत किये जाने तथा उसके मुद्रण, प्रकाशन एवं परिचालन की सूचना भी सभा को देंगे.

## 5. वर्ष 2014-2015 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 2 घण्टे | (1) | मांग संख्या – 3 | पुलिस |
| | | मांग संख्या – 4 | गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय |
| | | मांग संख्या – 5 | जेल. |
| 2 घण्टे (वित्त विभाग की मांग को छोड़ कर) | (2) | मांग संख्या – 6 | वित्त |
| | | मांग संख्या – 7 | वाणिज्यिक कर |
| | | मांग संख्या – 23 | जल संसाधन |
| | | मांग संख्या – 31 | योजना, आर्थिक और सांख्यिकी |
| | | मांग संख्या – 40 | जल संसाधन विभाग से संबंधित व्यय-आयाकट |
| | | मांग संख्या – 45 | लघु सिंचाई निर्माण कार्य |
| | | मांग संख्या – 57 | जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें |
| | | मांग संख्या – 60 | जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या – 61 | बुन्देलखण्ड पैकेज से संबंधित व्यय. |
| 2 घण्टे | (3) | मांग संख्या – 17 | सहकारिता |
| | | मांग संख्या – 30 | ग्रामीण विकास |
| | | मांग संख्या – 34 | सामाजिक न्याय |
| | | मांग संख्या – 59 | ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या – 62 | पंचायत |
| | | मांग संख्या – 74 | त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता. |

**भगवानदेव ईसरानी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 7 जुलाई, 2014**